इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, रविवार, 19 नवम्बर 2023

हज़ार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।
- गौतम बुद्ध

वर्ष 16 अंक 75 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

तापमान - अधिकतम 29.1ºC (+0.7) न्यूनतम 16.1ºC(+3.4) सेंसेक्स 65,794.73 (-187.75) निफ्टी 19,731.80 (-033.40) सोना 61,790 चांदी 76,000 मुद्रा - डालर 83.27 दिरहम 22.67 रियाल 22.20

एरा विश्वविद्यालय में 1889 विद्यार्थियों को मिले टैबलेट

लखनऊ (सं)। एरा विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में चलायी जा रही स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अर्न्तगत टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अब तक 1889 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किया गया है।

कार्यक्रम में एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी द्वारा टैबलेट वितरण कर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि यह समय शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर क्रांति का दौर है, सरकार द्वारा भी शिक्षा के क्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षा को मान्यता दी जा रही है। इस टेबलेट का उपयोग कर आप अपनी शिक्षा को सरलता के साथ ग्रहण कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर आप अपने देश, परिवार एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित कर सकते है। इस मौके पर कुलपति ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व मे चलायी जा रही टैबलेट वितरण योजना की सराहना की जिसके द्वारा अनेको छात्र एवं छात्राओं को निरन्तर लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एरा विश्वविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक - प्रो. जमाल मसूद, कुलसचिव प्रो. अनु चन्द्रा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. तस्लीम रज़ा, डीन फैकल्टी ऑफ साइंस डॉ. ए. के. श्रीवास्तव, प्रिसिंपल नर्सिंग प्रां प्रिसिला सैमशन एवं अन्य संकाय सदस्यों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन एरा विश्वविद्यालय टैबलेट वितरण योजना के नोडल ऑफिसर डॉ. तबरेज़ जाफर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।